हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

04 सिर पर प्रहार कर वन कर्मियों से जबरन छुड़ा...



07 संसार में सभी प्राणी दुखी हैं और सब चाहते हैं सुख





## खबर संक्षेप

### माह के प्रथम दिवस वेतन भुगतान करने हेतु कलेक्टर के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने कर्मचारियों के वेतन/मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह की 1 तारीख को करने हेतु सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि कर्मचारियों के वेतन / मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह की 1 तारीख को नहीं किया जा रहा है, समस्त विभाग प्रमुख सुनिश्चित करे कि समस्त अधीनस्थ कर्मचारियों का वेतन/मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह की 1 तारीख को हो जाए।

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### पूर्व सैनिकों के आश्रितों हेतु छात्रवृत्ति आवेदन 18 दिसंबर तक आमंत्रित

**सागर।** सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के तहत छात्रवृत्ति योजना हेतु पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सागर जिले में निवास करने वाले पात्र लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि वे कक्षा प्रथम से लेकर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तक की छात्रवृत्ति के लिए अपने आवेदन निर्धारित समयावधि में अवश्य प्रस्तुत करें। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपना आवेदन 18 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्यालय ने सभी पूर्व सैनिक परिवारों से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय पर मिल सके। अधिक जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

### बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने की अपील

**सागर।** भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में बेटियों के लिये छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने की योजना है। इस योजना के तहत पोस्ट आफिस में मात्र 250 रूपये से खाता खुलवाया जा सकता है। एक वित्तीय वर्ष में कम से कम जमा राशि पहले 1000 रूपये थी, जिसे घटाकर अब 250 रूपये कर दिया गया है। इस योजना के तहत खाते में एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम डेढ़ लाख रूपये जमा किये जा सकते है। किसी भी परिवार की अधिकतम 2 बेटियां इस योजना के तहत लाभान्वित हो सकती है। बेटी जुड़वा होने की स्थिति में अधिकतम 3 बेटी इस योजना के तहत लाभ ले सकती है लेकिन इसके लिये जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलने के बाद अधिकतम 15 साल तक राशि जमा करानी होती है। बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने के बाद खाते में जमा राशि की 50 प्रतिशत राशि निकाली जा सकती है।

---

**बालाघाट से ड्यूटी पूरी कर वापस मुरैना लौट रही थी टीम, हाईवे-44 पर बांदरी के पास हुआ हादसा**

# पुलिस वैन और कंटेनर की भिड़ंत: 4 जवानों की मौत, 1 गंभीर, नक्सल विरोधी अभियान से ड्यूटी से लौट रही थी पुलिस की बीडीडीएस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले में नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर और पुलिस के बीडीडीएस वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में पुलिस वाहन में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। यह टीम बालाघाट में ड्यूटी पूरी कर वापस मुरैना लौट रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं टीम में शामिल का डॉग सुरक्षित है। हादसे पर सीएम डा मोहन यादव और डीजीपी सहित जन प्रतिनिधियों ने दुख व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार, मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था। वहां से वे बीडीडीएस वाहन (क्रमांक एमपी 03 ए 4883) में सवार होकर वापस मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर बांदरी के पास झिंझनी घाटी पर सामने से आ रहे कंटेनर से पुलिस वाहन की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉग मास्टर समेत चार जवानों की जान चली गई।







### जेसीबी से बॉडी काटकर निकाले शव

कंटेनर और पुलिस वाहन की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि ड्राइवर और जवान गाड़ी के अंदर ही फंस गए। बीडीडीएस का वाहन आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने जेसीबी की मदद से वाहन की बॉडी काटकर शवों को बाहर निकाला। इसके बाद शवों का पंचनामा बनाकर बांदरी अस्पताल भेजा गया।

### मृतकों और घायल की पहचान टीम का डॉग सुरक्षित

जांच में मृतकों की पहचान जवान प्रधुमन दीक्षित, अमन कौरव और चालक परमलाल तोमर (तीनों निवासी मुरैना) के रूप में हुई है। वहीं, चौथे मृतक डॉग मास्टर विनोद शर्मा भिंड के निवासी थे। हादसे में आरक्षक राजीव चौहान (निवासी मुरैना) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में बीडीडीएस टीम का डॉग सुरक्षित है।

### सीएम यादव ने जताया शोक

सीएम डा मोहन यादव ने एक्स पर शोक व्यक्त किया और लिखा कि आज सागर जिले में सुबह नक्सल विरोधी अभियान से ड्यूटी कर लौट रहे 4 पुलिसकर्मियों का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन होने का समाचार हृदयविदारक है। हादसे में दिवंगत पुलिसकर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और घायल पुलिसकर्मी शीघ्र स्वस्थ हो।

### घायल आरक्षक राजीव चौहान को एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया

सड़क दुर्घटना में घायल आरक्षक राजीव चौहान को उचित उपचार प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए। आरक्षक राजीव चौहान अपने चार अन्य साथियों के साथ बालाघाट में ड्यूटी समाप्त कर अपने गृह नगर मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान सागर जिले के बांदरी–मालथोन मार्ग पर कंटेनर और पुलिस वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में श्री चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके चार साथियों का मौके पर ही निधन हो गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल आरक्षक के अच्छे उपचार के लिए उन्हें ढाना हवाई पट्टी से एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल के लिए एयरलिफ्ट किया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा घायल आरक्षक के साथ सागर से आरक्षक पंकज शर्मा को साथ भेजा गया। मौके पर पुलिस महानिरीक्षकहिमानी खन्ना, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. नीना गिडियन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ममता तिमोरी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## गोंडवाना वीरों को सम्मान: संस्कृति विभाग का जननायक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा विस्मृत हो चुके गोंडवाना वीरों के अद्वितीय योगदान और उनकी गौरवशाली परंपरा को पुनः जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय 'जननायक महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव आदिवासी इतिहास के पुनरुत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी सांस्कृतिक पहल साबित हो रहा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों की संख्या में दर्शक पहले दिन के आयोजन के लिए उपस्थित हुए। महोत्सव का शुभारंभ गोंडवाना के पराक्रमी राजा श्यामल साह की वीर गाथा के प्रभावशाली नाटकीय मंचन के साथ हुआ। पेशेवर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस वीरगाथा को दर्शकों ने अत्यंत उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव के साथ देखा। दर्शकों ने गोंडवाना शासकों के साहस, बलिदान और गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करते हुए उनकी वीरता की सराहना की।

द्वितीय दिवसः महोत्सव के दूसरे दिन राजा हीरा खान की प्रेरणादायी गाथा का मंचन किया गया।

तृतीय एवं अंतिम दिवसः महोत्सव का समापन गोंडवाना की महान शासिका रानी दुर्गावती की अदम्य शौर्य-गाथा के भव्य नाटकीय प्रदर्शन के साथ होगा।

इस महोत्सव में विभिन्न गोंडवाना वीरों की ऐतिहासिक और प्रेरणादायी वीरगाथाओं को नाटकीय रूप में मंचित किया जा रहा है, जिससे उनकी बलिदान और गौरवपूर्ण विरासत को चिरस्थायी बनाया जा सके।मप्र शासन के जनसंस्कृति विभाग द्वारा आयोजित गौंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित तीन दिवसीय नृत्य नाटिका का आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गोपाल भार्गव, अध्यक्ष नपा अध्यक्ष देवराज सोनी, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, पार्षदगण अमित नायक, राजेंद्र सिंह सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



## पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर, एसडीओपी से मामले की जांच कराने की कही बात

**सागर।** बीते दिनों सानौधा थाना अंतर्गत चना टौरिया टोल नाके पर गौ रक्षक आशीष दुबे पर हुए हमले के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने पर कुछ दिन पहले शिवसेना राज्य संगठक मनी सिंह गुरौन नें पुलिस अधीक्षक सागर को ज्ञापन के माध्यम सानोधा थाने का घेराव करने की चेतावनी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने घेराव ना करने की बात कहते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन शिवसेना को दिया था। 10 दिसंबर को शिवसेना राज्य संगठक मनी सिंह गुरौन ,शिवसेना राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी, सहित अन्य सदस्यों ने सागर उप पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जांच अधिकारी को बदलने की बात कही। जिस पर उप पुलिस अधीक्षक ने जांच अधिकारी बदलने और एसडीओपी से मामले की जांच कराने सहित शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है। जिसके बाद शिवसेना ने आगामी घेराव को स्थगित कर दिया है।

# कांग्रेसियों ने गहन पुनरीक्षण कार्य का बूथ पर पहुंचकर अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर


जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव बुधवार को अनेक वार्ड में पहुंचे एवं बीएलओ से जानकारियां ली। साथ ही मोतीनगर वार्ड में सातो बूथ लेबल अधिकारियों से बचे फॉर्म, कटे नाम, वह अन्य जानकारी की पुष्टि की साथ ही हिदायत दी कि बिना विपक्ष की जानकारी के अनावश्यक लोगों के नाम ना काटे जाएं व उन्हें फॉर्म पहुंचने में कोई कमी ना रह जाए। उनकी निरंतर नजर इस कार्य पर है अनुचित भूमिका होने पर कांग्रेस उचित कार्रवाई के लिए बडे. अधिकारियों से मिलेगी।

वार्ड प्रभारी कमलेश तिवारी ने वार्ड की वस्तु स्थिति से अध्यक्ष महेश जाटव को अवगत कराया । मौके पर एक मतदाता प्रमोद जैन जिनकी पत्नी केरल की है उनका फॉर्म नहीं भरा जा रहा था क्योंकि मलयालम भाषा में 2003 की जानकारी पत्नी की परिवार जनों की निकल रही थी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित राम जी दुबे एवं चैतन्य कृष्ण पांडे ने उक्त आवेदक का परिचय पत्र मलयालम से हिंदी व अंग्रेजी भाषा में ट्रांसलेट किया व सटीक जानकारी निकालकर मौके पर मौजूद बीएलओ माधव चढ़ार को देकर नाम जोडने को कहा। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने बारीकी से मतदाताओं से उनकी हो रही परेशानियों की मौके पर जानकारी ली। मौके पर गहन पुनरीक्षण सर्वे का कार्य देखने वालों से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक उनका नाम जुड़ जाए के लिए प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव, अमित राम जी दुबे, चैतन्य कृष्ण पांडे, जितेंद्र जैन क्रांतिकारी, कमलेश तिवारी, प्रभात जैन, सुनील ठेकेदार, अजय जैन बंडा, समीर खान, कुंदन विश्वकर्मा, घनश्याम लारिया आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मोतीनगर वार्ड सहित अन्य वार्डों में मौजूद थे।



## डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डॉ. अंबेडकर चेयर में आयोजित मानवाधिकार दिवस के अवसर पर डॉ, देवेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर को भारत में मानवाधिकारों के सबसे बड़े संरक्षक के रूप में जाना जाता है। उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समता और मानवीय गरिमा को स्थापित करने के संघर्ष को समर्पित था। डॉ. अम्बेडकर ने भारतीय संविधान को आधुनिक मानवाधिकार के रूप में प्रस्तुत किया। डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष, संपत्ति का अधिकार, विवाह-तलाक के अधिकार और शिक्षा के लिए संघर्ष किया। बिना आर्थिक समानता के मानवाधिकार अधूरा है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को विश्व में मनाया जाता है । यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1948 में पारित मानवाधिकारों की घोषणा के रूप में पूरा विश्व मानता है। भारत में मानव अधिकार के जनक के रूप में डॉ, अंबेडकर का नाम सबसे महत्वपूर्ण है। डॉ अंबेडकर ने महिलाओं और सभी वंचित वर्गों के सम्मान के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और संविधान में उनके अधिकारियों को दिलाने के लिए विशेष प्रयास किया। आज भारतीय संविधान का हृदय और आत्मा मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उमेश चढार, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



## नेशनल लोक अदालत प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा व्योहार न्यायालय के मजिस्ट्रेट एवं (विधिक सेवा समिति के तहसील अध्यक्ष) अम्बर श्रीवास्तव द्वारा आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन रखा गया है जिस संबंध में प्रचार प्रसार रथ के लिए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी एवं समस्त स्टाफ के साथ रावना किया गया। जिसमें सभी अधिवक्ता का शामिल रहे। मजिस्ट्रेट अम्बर श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जाता है जैसा की नगर पालिका संबंधित, बैंक एवं न्यायालय से संबंधित सभी प्रकरणों का निःशुल्क आपसी समझौता के माध्यम से निपटारा किया जाता है एवं सभी से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में आकर अपना आपसी समझौता कर इस अवसर का लाभ उठावे।

---

**सरस्वती वाचनालय में 101वीं जयंती पर किया डॉ शुक्ल का स्मरण**

# 101 वर्ष बाद आज उमाशंकर शुक्ल की यहां चर्चा हो रही है इसका मतलब है उनका योगदान समाज के प्रति ज्यादा था: दीपक तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

तीनबत्ती स्थित श्री सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय के स्वराज सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. उमाशंकर शुक्ल की 101 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लक्ष्मी नारायण यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो वाय एस ठाकुर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि भोपाल के पूर्व कुलपति दीपक तिवारी थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। वाचनालय ट्रस्ट के सचिव शुकदेव प्रसाद तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए स्व उमाशंकर शुक्ल के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला वाचनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष के के सिलाकारी ने अपने संबोधन में डॉ उमाशंकर शुक्ल के साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान की चर्चा की उन्होंने कहा कि सागर मे चकराघाट पर कवि पद्माकर की प्रतिमा लगवाने में डॉ उमाशंकर शुक्ल का मुख्य योगदान था।





कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक तिवारी ने कहा की यदि 101 वर्ष बाद आज उमाशंकर शुक्ल की यहां चर्चा हो रही है इसका मतलब है उनका योगदान समाज के प्रति ज्यादा था। हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए सागर की जो विभूतियां है उनके बारे में नई पीढ़ी का अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने का काम किया जाए। इसके लिए उनके जीवन पर आधारित पुस्तक भी प्रकाशित हो सकती है। पं द्वारका प्रसाद मिश्र ने यदि डॉ उमाशंकर शुक्ल की पुस्तकों की प्रस्तावना लिखी है तो निश्चित की उन्होंने शुक्ल में योग्यता देखी होगी। तिवारी ने कहा की वर्तमान दौर में धर्म का महिमा मंडन हो रहा है जो देश और समाज धार्मिक कट्टरता के आधार पर चलते है उनका भविष्य लंबा नहीं होता। ऐसे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सभी को साथ लेकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा की समाज के जो भी लीडर है उनसे सवाल अवश्य किये जाना चाहिए बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है देश की पूंजी का बड़ा हिस्सा चंद लोगों के पास क्यों है ऐसे सवाल समाज के विकास के लिए जरूरी है। कुलपति प्रो वाय एस ठाकुर ने कहा की उमाशंकर शुक्ल का सागर की पत्रकारिता और साहित्य जगत में विशिष्ट योगदान है। विवि के हिन्दी विभाग के प्रमुख रहे नंद दुलारे वाजपेयी ने डॉ शुक्ल को दूसरा प्रेमचंद बताया था। ऐसे लोगों का जीवन समाज के लिए आदर्श है बेहद हो की हम नई पीढ़ी को उनके बारे में बताये।

कार्यक्रम के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव ने डॉ उमाशंकर शुक्ल को अपना अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा कि सागर की विभूतियों के बारे में भविष्य में वाचनालय ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन नलिन जैन ने किया और आभार जीएस छत्रसाल ने माना। इस अवसर पर डॉ सुरेश आचार्य, डॉ लक्ष्मी पाण्डेय, डॉ शैलेन्द्र शुक्ल, सौमेन्द्र शुक्ला, क्षिप्रा शुक्ल, गजाधर सागर, पूरन सिंह राजपूत, भोलेष्वर तिवारी, हरी चौबे, रमेश दुबे, अनुपम पटैरिया, विनोद आर्य, सुदेश तिवारी, राहुल सिलाकारी, रविन्द्र सिलाकारी, नितिन कोरपाल, ऋषभ जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# जन्म लेते ही बच्चा मानवोचित जीवन जीने की गारंटी प्राप्त कर लेता है : प्रो.शर्मा

## विश्व मानवाधिकार दिवस विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि आदमी श्रम करने के लिए नहीं जीता, बल्कि वह सच्चे अर्थों में मनुष्य की भांति जीने के लिए श्रम करता है।

मानव प्रकृति की इस प्रकृति में ही उसकी वह दिव्यता, गरिमा निहित होती है, जो उसे जानवर से पृथक कर देती है, क्योंकि जानवर चेतना रहित होता है। मनुष्य श्रमिक है और प्रकृति उसकी सामग्री। धरती, आसमान, आग, पानी की सहायता से, वह अपने आदर्शों के अनुरूप दुनिया को ढालता रहता है। दूसरे महायुद्ध के बाद हुए विनाशकारी परिणाम से सबक लेकर 10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रस्तुत घोषणापत्र लागू किया गया जिसे स्वतंत्र भारत ने एकमत होकर लागू किया। शिक्षा, रोजगार, लोकतंत्र, स्वतंत्र न्यायपालिका गरिमामय जीवन जीने के समस्त मूलअधिकार इसमें सन्निहित हैं। यद्यपि यह सही है कि मनुष्य स्वतंत्र उत्पन्न होता है, परन्तु जन्म लेते ही पर्त दर पर्त बन्धनों से




जकड़ता जाता है। अतः मानवाधिकारों का उपभोग करते हुए वह ऊँचे से ऊँची उड़ान भर सकता है। परन्तु आर्थिक आत्मनिर्भरता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता कोरा भ्रम है।

कानून के समक्ष सभी समान हैं। क्या बेरोजगार, निर्धन न्यायालयों से न्याय और प्राईवेट चिकित्सालयों से अपना उपचार करा सकता है? जिस वर्ग की अंटी की आखिरी कौड़ी मात्र एकजोर के राशन-पानी में रोज खर्च हो रही हो, उसके बच्चे आसानी से 14 साल तक की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का लाभ उठा सकते हैं? संसद या विधानमण्डलों में बहुमत होते हुए चुने जा सकते। हाँ जरूर गाँधीजी के रास्ते पर चलकर संगठित सत्याग्रह का विधि-सम्मत मार्ग अपनाकर। जिस प्रकार एक तैलचित्र, तैलकणों का सिर्फ समूह नहीं है बल्कि उससे भी अधिक है, जैसे एक पत्थर की मूर्ति संगमरमर के कणों का मात्र समूह नहीं है। जिस प्रकार एक मनुष्य घटकों तथा रक्त धमनियों का समूह मात्र न होकर उससे भी बहुत कुछ है। अगोचर ब्रह्म को किसने देखा ? पर हाड़-मांस के चलते फिरते गोचर ब्रह्म हमें एक मिनट के लिए भी अकेला छोड़ता। प्रत्येक नवजात शिशु अपार संभावनाएं लेकर धरती पर आता है। इसलिए बड़े जतन से हमें नैसर्गिक मानवाधिकारों के माध्यम से मनुष्य और उसके समूह की गरिमा और महिमा को ठेस नहीं लगने देना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य घोषित

**ललितपुर।** जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने जानकारी दी की भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद के सदस्य घोषित हो गये हैं। ₹संगठन चुनाव-पर्व के आधार पर प्रदेश चुनाव अधिकारी आदरणीय डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति के उपरांत जिला चुनाव अधिकारी रामचन्द्र मिश्रा के द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता शशि शेखर पांडेय उर्फ शशिशेखर श्रीवास्तव एवं पार्वती खटीक को प्रांतीय परिषद सदस्य निर्वाचित किया है । प्रदेश नेतृत्व द्वारा शशिशेखर श्रीवास्तव एवं पार्वती खटीक के इस मनोनयन पर भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं बधाईयां दीं।

### क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपए उड़ा दिए

**ललितपुर।** विभिन्न कम्पनियों में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के जरिए हजारों रुपये जबरन काट लिये जाने का आरोप लगाते हुये पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गयी है। एसपी ने मामले को संज्ञान लेते हुये एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिये हैं। शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा करीमनगर डेम रोड निवासी भीम कुमार पुत्र माता प्रसाद ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसका क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। आरोप है कि 24 जून 2025 को उसके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुये 87 हजार रुपये काट लिये गये, जो कि अलग-अलग हैं, जिनमें 85 हजार रुपये जुमेटो में एवं 2 हजार रुपये मंत्रा में काटे गये है। इसके अलावा 24 जून को ही दूसरे एसबीआई कार्ड से 35 हजार रुपये निकाल लिये गये, वह भी अलग-अलग हैं, जिनमें 17 हजार रुपये पंयू में काटे गये, जिनकी छाया प्रति भी पीड़ित द्वारा एसपी के समक्ष रखी गयी हैं। एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पेट्रोल डलवाने गए युवक से मारपीट, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम कलौथरा निवासी पवन राजा बुन्देला पुत्र रनवीर सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 6 दिसम्बर की रात करीब 9.20 बजे वह पेट्रोल डलवाने के लिए महेश राय पुत्र आशाराम राय के पेट्रोल पम्प गया था। जहां उसने 500 रुपये दिये तभी महेश राय ने कहा कि उसे रुपये दो, जबकि उसने कहा कि उसने 500 रुपये दिये हैं। आधा लीटर पेट्रोल डालकर बाकी रुपये वापस करो। इसी बात को लेकर उक्त महेश ने अपने भाई दीपक राय व नन्दराम राय के साथ उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

## अवैध खनन पकड़ने पहुंचे वन कर्मियों पर जानलेवा हमला

# सिर पर प्रहार कर वन कर्मियों से जबरन छुड़ा ले गए ट्रैक्टर-ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वन क्षेत्र में बजरी व मोरम के चल रहे अवैध खनन को रोकने गयी वन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। इस हमले से कुछ वन कर्मी घायल भी हो गये, वहीं दूसरी ओर अवैध खनन की गयी बजरी व मोरम से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छुडा ले गये। दबंगों द्वारा किये गये जानलेवा हमले के बाद इलाके में हड़कम्प मच गया। हमले के बाद तालबेहट रेन्ज में न्यूनतम वेतन कर्मी करतार सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने 11 नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

करतार सिंह ने बताया कि 7 दिसम्बर की शाम करीब 5 बजे वह सुनौरी वन ब्लाक में अपने वन कर्मियों के साथ गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान वन क्षेत्र में एक 333 आइसर ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नम्बर का वन क्षेत्र से बजरी व मोरम भर रहा था। गश्ती टीम को देखकर उक्त लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी बजरी को खाली करके भागने लगे। वन टीम ने भाग रहे लोगों को घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन रेन्ज कार्यालय तालबेहट



ला रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम धमकना निवासी सोहन यादव पुत्र अमर सिंह, पिपरई के मजरा जामुनबाई निवासी लोकेन्द्र सिंह व गजेन्द्र पुत्रगण रूपसिंह, पिपरई निवासी छोटू व प्रमोद पुत्रगण जण्डैल सिंह, ग्राम सुनौरी के मजरा खैरों निवासी छोटू पुत्र पान सिंह, सुरेन्द्र पुत्र मुलायम सिंह यादव, कल्यान पुत्र राजाराम यादव, भज्जू उर्फ अजय पुत्र श्रीवन यादव, ग्राम सुनौरी के मजरा खदरी निवासी राजपाल पुत्र मूरत सिंह यादव, जयपाल पुत्र इमरत यादव ने एकराय होकर वन कर्मियों पर हमला बोल दिया और गालियां देते हुये जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली जबरन छुड़ाकर भाग गये। इसमें वन कर्मी करतार सिंह के सिर पर लाठी से मारकर घायल कर दिया।

### सोशल मीडिया के जरिए महिला को फंसाकर लाखों रुपए ठगे

*ललितपुर। सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती किये जाने और खुद को आईपीएस का पुत्र बताते हुये महिला को ब्लैकमेल करते हुये लाखों रुपये हड़प कर लिये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती गजरा पैलेस के पास रहने वाली प्रियंका गुप्ता पत्नी संतोष ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका विवाह वर्ष 2010 में हुआ था। शादी के बाद उसे एक पुत्र व एक पुत्री भी है। बताया कि सोशल मीडिया पर उसका इन्टाग्राम पर गुप्ताजी के नाम से एकाउण्ट खुला है, जो कि काफी पुराना है। पीड़िता ने बताया कि चार वर्ष पहले एक सोशल यूजर जिसका सही नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत लाई मण्डी निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रामबहादुर है ने एक फर्जी आईडी बनाकर खुद को आई.पी.एस. अधिकारी का पुत्र बताया। इस एकाउण्ट के जरिए उसकी पहचान दोस्ती में बदल गयी। आशीष से उसने मिलना-जुलना भी शुरू कर दिया था। कुछ समय बाद आशीष गुप्ता ने उसे अपने जाल में फंसाना शुरू करते हुये शादी का प्रस्ताव रखा और उस पर जोर देने लगा।*

# लायंस क्लब की समाजसेवा के लिए प्रतिबद्धता सराहनीय: डॉ. बबीता सिंह

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष के सान्निध्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी 2 के तत्वावधान में, जिला गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सराफ के नेतृत्व में आयोजित सेवा दिवस के तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डा.बबीता सिंह चौहान के सान्निध्य में सम्पन्न हुए।

विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन, अर्चना पटेल, पूज्य माताजी सुलोचना सराफ मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने ने महिला सुरक्षा, अधिकार, न्याय-सहायता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक भागीदारी पर अपने प्रेरणादायी विचार रखते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक उन्नति है, और लायंस क्लब जिस प्रतिबद्धता के साथ सेवा कर रहा है, वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने वॉटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर की स्थापना स्व. शिखरचंद्र अलया एवं स्व. राखी अलया की पुण्य स्मृति में लायन रवींद्र रोहित अलया परिवार द्वारा कराई गई। कहा कि यह स्थापना छात्रों के स्वास्थ्य, स्वच्छ जल सुविधा और कल्याण में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान डा.



अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, अनिल अंचल, अशोक जैन, राजेन्द्र, ला.सुनीता सराफ, जिनेंद्र जैन, अनीता अंचल, राजेश बड़कुल, रोहित अलया, निधि अलया, विद्यालय प्रबंधक एवं स्टाफ मौजूद रहा। दूसरी ओर एक कार्यक्रम एम्ब्रोशिया सोसाइटी में आयोजित हुआ, जहां मंडल की प्रथम महिला ला. सुनीता सर्राफ ने सभी अतिथियों स्वागत किया। साथ ही महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, न्यायिक सहयोग, मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सराफ, ला.डा.नीलम सराफ, ला.राकेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पीडीजी ला.सुभाष जायसवाल, उषा जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष डा.अवधेश अग्रवाल, ला.रवींद्र अलया, ला. संजीव ममता स्पोर्ट्स, रीजन ला.कैलाश अग्रवाल, जोन ला.अनिल सोनी, जोन ला.सुरेश निरंजन, जोन ला.शिवचरण सोनी, जोन ला.हरगोविंद डोडवानी, ला.डी.एस.विवेक, ला. राजीव पटवारी, प्रदीप जैन, गिरीश साहू, आजम, डा.आलोक जैन, सक्षम खरा, अदित सराफ, राहुल गुप्ता, हरीश कपूर, बृजमोहन संज्ञा, रोहित शिवाजी, आकर्ष श्रीवास्तव, अंकित जैन, सरदार सतवंत सिंह भोगल, डा.दीपक चौबे, इटीउ राजा, के.पी. बुंदेला, अमित जैन, रेणु जैन, मीना जैन, रिचा, आशा साहू, डा.सुषमा जैन, हरजीत कौर, आशी जैन, डिम्पल जैन आदि मौजूद थे।

## सड़क किनारे पड़ा मिला ढाबा संचालक का शव

**ललितपुर।** जिले के राजघाट कस्बे में मंगलवार सुबह एक ढाबा संचालक का शव सड़क पर पड़ा मिला। उसके पास ही उसकी बाइक भी मिली। परिजनों ने इसे एक दुर्घटना बताया है। मृतक की पहचान राजघाट निवासी 28 वर्षीय रोहित यादव पुत्र संतोष के रूप में हुई है। वह गांव में ही राजघाट-जखौरा मार्ग पर एक तिराहे के पास ढाबा चलाता था। सोमवार रात करीब 10.30 बजे रोहित अपने ढाबे के एक कर्मचारी को उसके घर प्रेम नगर छोडऩे गया था। कर्मचारी को छोडऩे के बाद वह अपने घर वापस आने के लिए निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। मंगलवार सुबह पुलिसकर्मियों ने प्रेम नगर मोहल्ले में सड़क पर रोहित को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उसकी बाइक भी पास में ही पड़ी थी। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि रोहित अपने दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है।

## हदबंदीशुदा जमीन की पत्थर गडडी उखाड़ फेंकने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम रायपुर निवासी जगदीश पुत्र छतुवा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी आराजी संख्या 387 की हदबंदी व पुष्टी हो गयी थी। 17 नवम्बर को उक्त हदबंदी शुदा जमीन की पत्थरगडडी की पुष्टी की गयी थी और चीराबंदी कर दी गयी थी। बताया कि 19 नवम्बर को सुबह करीब 11 बजे गांव के उसके भाई गोविन्ददास, गुलाबबाई, नीरज व नीतेश ने पत्थर गडडी व चीरा उखाड़कर फेंक दिये और उसे रोका तो उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 326 (ई), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज दहेज की खातिर एक और परिवार हुआ बर्बाद, बहू को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी रंजना पत्नी रवि कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2025 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले रवि पुत्र प्रताप से सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसीयत अनुसार नकदी, गृहस्थी का सामान व सोने-चांदी के आभूषण दिये थे। शादी के बाद उसका पति रवि, सास रामसखी, ससुर प्रताप, ननद कृष्णा, प्रीति, कुसुम, मामा ससुर नारायण, राजू, जेठ कमलेश और उनकी पत्नी लक्ष्मी, नन्दोई राजेश, मनीष, गनेश ने विवाह के बाद से दहेज कम मिलने का उलाहना देते हुये प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 7 दिसम्बर को उक्त लोगों ने उसे कमरे में बंद कर दिया, वह काफी चिल्लाती रही, लेकिन उक्त लोगों ने उसकी एक न सुनी और किसी तरह वह मौका पाकर भाई से सम्पर्क किया, जब उसका भाई आया तो उसका पर्स इत्यादि सामान ससुरालियों ने ले लिया, जिसके बाद ससुरालियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गेमिंग चैट एप पर महिला की फोटो-वीडियो अपलोड करने का आरोप

### महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दर्ज की एफआईआर, जांच पड़ताल की गई शुरू

**ललितपुर।** आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति ने महिला की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दीं और अब महिला को ब्लैकमेल कर रहा है। प्रताडऩा से आजिज आकर महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। कोतवाली पुलिस ने मुम्बई में रहने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि महाराष्ट्र राज्य के मुम्बई में टिंटवाला गनेश मंदिर के पास रहने वाले सूरज कश्यप नाम के युवक ने उसकी फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी है। आरोप है कि सोशल मीडिया ऐप के योयो चैट गेमिंग एप्प पर गन्दी-गन्दी वीडियो अपलोड कर दी हैं। महिला ने सूरज कश्यप का मोबाइल नम्बर पुलिस को देते हुये उसकी सामाजिक छवि खराब होने की बात कही। पुलिस ने महिला की तहरीर पर सूरज कश्यप नाम के युवक के खिलाफ सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 सी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सोशल मीडिया पर बने रहें सतर्क

# छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोसायटी फॉर प्रगति भारत द्वारा, पी.एम.श्री. राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रही ऑनलाइन डिजिटल हिंसा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की अध्यापिका श्रीमती ॠतु गुप्त के द्वारा की गई जिसमें उन्होंने डिजिटल हिंसा के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सुश्री रुचिका बुंदेला एवं नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन व पी. एम.श्री.राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर की प्रधानाचार्या शिवानी सक्सेना ने बालिकाओं को आज के दौर में हो रहीं विभिन्न हिंसाओं के बारे में जानकारियां दीं जैसे ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध शारीरिक व मानसिक हिंसा इंस्टाग्राम आईडी, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक आदि अकाउंट बनाना और इनके जरिए वह सारे क्राइम्स करना। किसी की पर्सनल आईडी हैकिंग करना, फेक आईडी बनाकर किसी के पर्सनल डिटेल को रखकर उसे ब्लैकमेल करना, किसी के अकाउंट से पैसे चुराना, बच्चियों के साथ छेड़खानी करना, उनका यौन उत्पीड़न करना या फिर ऐसे कार्य के लिए प्रोत्साहित करना जिसमें वह अपने आप को असहज महसूस करें। इसलिए आप लोगों से यही आग्रह है कि अगर ऐसी स्थिति या समस्या का सामना होता है तो आप सबसे पहले अपने परिवार के सदस्यों को बताएं ताकि वह भारत सरकार के द्वारा दिए गए सभी कानून से सोशल मीडिया के अपराधियों को कानून के हवाले कर सके और आत्महत्या करने वाले अपने मासूम बच्चों को बचा सके। जिसके लिए हमारे भारत सरकार ने टोल फ्री नंबर दिए हैं जैसे की 1091 1098 1099 और 1930 जिस पर अपनी सुविधा के अनुसार बात कर सकती हैं यह नंबर आपकी गोपनीयताओं को बनाए रखते हैं एवं जिले में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य ललितपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है और संस्था ने बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का मोर्चा संभाला है उसके लिए हम लोग संस्था का धन्यवाद करते हैं साथ ही समस्त बच्चों से अनुरोध करते हैं कि शिक्षा को बढ़ावा दें और बाल विवाह न करे क्योंकि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। और अगर किसी बच्चे या बच्ची का बाल विवाह होता है तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह करने वाले या करवाने वाले अभियुक्त पर 1 लाख का जुर्माना या 2 साल तक की जेल हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में संचालक महोदया श्रीमती ॠतु गुप्तस ने संस्था सोसायटी फॉर प्रगति भारत का आभार व्यक्त किया और इस तरह के कार्यक्रमों में अपने सहयोग के लिए आश्वासन दिया। संस्था की तरफ से श्रीमती राजकुंवर ने आए हुए अतिथियों व विद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ का आभार करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपना बहुमूल्य समय इन बालिकाओं के लिए दिया उसके लिए संस्था सदैव आभारी रहेगी।

## बैठक को भाजपा उप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश ने किया संबोधित

# भाजपा की एसआईआर समीक्षा बैठक आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की मतदाता गहन पुनरीक्षण यानि एस आई आर को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मा दीपेश कोरी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वन्देमातरम गायन से हुई तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत पं दीनदयाल उपाध्याय और डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की रुपरेखा रखते हुए कहा कि हम लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विगत चार नबम्बर से चार दिसम्बर तक लगकर एस आई आर कार्य में सहयोग करने का काम किया और परिणाम स्वरूप आज ललितपुर में शत प्रतिशत एस आई आर का कार्य हो चुका है । उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया वे आम जन से जनसंपर्क कर उन्हें जानकारी दें कि एक जनवरी दो हजार छब्बीस तक जिन युवाओं की आयू अठारह साल हो रही है हमारे कार्यकर्ता उन के भी फार्म छै भरवाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि जो लोग बाहर काम करने गए हैं उन्हें भी सूचना देकर प्रेरित करे कि वे भी आकर मतदाता फार्म भरें। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मा देवेश कोरी ने कहा कि सन् दो हजार तीन में भी एस आई आर कार्य हुआ था और इसके बाद आज हो रहा है उन्होंने कहा कि पच्चीस साल में लगभग दो पीढ़ियां वदल जाती हैं इसलिए मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य आवश्यक है ।इस समय भारत में मान्यता प्राप्त छै राष्ट्रीय राजनैतिक दल हैं और किसी भी राजनीतिक दल को आगे बढ़ने के लिए प्रत्येक मतदाता के सहयोग की आवश्यकता होती है इसी लिए भारतीय जनता पार्टी एस आई आर पर विशेष ध्यान दें रही है ताकि अधिक से मतदाता बनाये जा सकें। उन्होंने कहा कि एक समय हमारी पार्टी दो सांसदों तक सीमित थी लेकिन फिर भी हम वोट प्रतिशत के मामले में भारत में दूसरे स्थान पर थे ।आगे भी हमने वोटों पर ध्यान दिया और आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आये हैं।चुंकि पच्चीस साल बाद एस आई आर का कार्य हो रहा है इसलिए यह कार्य और कठिन हो जाता है। हमें हार हाल में वोटर वनना है क्योंकि अगर हम वोटर नहीं होंगे तो किसी भी दस्तावेज होने के वाद भी हम वोट नहीं डाल पायेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि राजनीति में संभावनाएं सदैव जीवित रहती हैं इसलिए हमें सदैव उत्साह और ऊर्जा से भरा रहना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वराक ओवामा मात्र 57 वर्ष की आयू में अमेरिकी राष्ट्रपति वन कर आज मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करने लगे हैं और डोनाल्ड ट्रम्प ने 67 वर्ष में राजनीति शुरू की और आज दुवारा राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी लोकतंत्र के माध्यम से राजनीति कर अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी ले जाने की हामी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लग कर एस आई आर में अधिक से अधिक मतदाताओं के फार्म भरवाने की अपील भी की । इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारे सब कार्यकर्ताओं को लगातार वी एल ओ से सम्पर्क में रहना है और अधिक से अधिक मतदाताओ के फार्म भरवाने है। अन्त में ललितपुर विधानसभा के मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संयोजक बंशीधर श्रीवास ने सभी आगुन्तुकों आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व मां देवेश कोरी , ललितपुर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के साथ विभिन्न मतदाता बूथ केन्द्रों पर गए।

## समाचार संक्षेप

### 13 दिसंबर को निकलेगी शौर्य मशाल यात्रा



**आरोन।** अयोध्या बाबरी विध्वंस की वर्षी 6 दिसंबर को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल सकल हिन्दू समाज शौर्य दिवस के रूप में मनाता है इसके उपलक्ष्य में देश के कई शहरों में अनेकों प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में 13/दिसंबर को सायं 6ःबजे दास हनुमान मंदिर चौराहे से एक विशाल मशाल यात्रा निकाली जायेगी जिसमें हिन्दूओं की अधिक से अधिक संख्या कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने समर्थन जुटाने संगठनों के कार्यकर्ता नगर में जनसंपर्क कर रहे हैं, तथा शौर्य मशाल यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्थायें की जा रही हैं।

### धूल मिट्टी की सफाई कराई एवं विशेष सफाई अभियान चलाया



**राघोगढ़** । रुठियाई कस्बे में वार्ड 21,22 में डिवाइडर के दोनों और झाड़ियां एवं धूल मिट्टी की सफाई कराई एवं विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभीकरण संजय श्रीवास्तव सीएमओ तेजसिंह यादव ,सेनेटरी इंस्पेक्टर कीर्ति सिंह , उप यंत्री विशाल बाबू शर्मा एवं सफाई अमला उपस्थित रहा।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की



**राघोगढ़** । नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार को परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई एवं ग्रेडिंग में सुधार के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीएमओ तेज सिंह यादव एवं नगर पालिका अमला उपस्थित रहा।

### मप्र राज्य खाद्य आयोग का गुना भ्रमण 17 को

**गुना।** मप्र राज्य खाद्य आयोग केअध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मलहौत्रा 17 दिसम्बर 2025 को गुना भ्रमण पर रहेगें। जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषक आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजनाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा की जावेगी। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधि या उनके प्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह के अध्यक्ष जिला स्तरीय सतर्कता समिति के अध्यक्ष या प्रतिनिधि को आहूत होगा।

## विधान में मुनिश्री निर्मोह सागर के मंगल प्रवचन आयोजित

# संसार में सभी प्राणी दुखी हैं और सब चाहते हैं सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़



प्राचीन ऐतिहासिक धर्म नगरी राघौगढ़ में संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय परिसर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन आज प्रातः 9:30 बजे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि निर्मोह सागर जी ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा इस संसार में सभी प्राणी दुखी हैं और सब सुख चाहते हैं। हर प्राणी अपने दुखों से भयभीत है। आपने कहा पंडित दौलत राम जी कृत छहढ़ाला की प्रथम ढ़ाल में संसारी प्राणियों की दशा का विस्तार से उल्लेख किया है। मुनिराज जी ने कहा सुख दो प्रकार के होते हैं एक भौतिक सुख होता है। यह भौतिक सुख वह कहलाता है हम संसार में रहकर भोग विलास के साधन जुटा लेते हैं और इसे ही सुख मानने लगते हैं।

भौतिक सुख से हमारा कल्याण नहीं होने वाला है। दूसरा सुख होता है आध्यात्मिक सुख। यह आध्यात्मिक सुख हमें भगवान की भक्ति एवं त्याग तपस्या से मिलता है। आध्यात्मिक सुख ही सच्चा सुख है। मुनि निर्मोह सागर जी महाराज ने कहा आचार्य मानतुंग ने भक्तांबर स्त्रोत के माध्यम से भगवान की सच्ची भक्ति की। उस भक्ति का प्रभाव हुआ कि एक के बाद एक 48 ताले खुलते चले गए।विधान आचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी ने कहा रावत परिवार राघोगढ़ के अनिल कुमार रावत एवं मीना रावत के इकलौते पुत्र अर्पित भैया जी ने लाखों की संपत्ति ठुकरा कर आत्म कल्याण के लिए मुनि दीक्षा लेकर अपना मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया है। राघौगढ़ नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी महाराज ने इस नगरी का गौरव बढ़ाया है।भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है सिद्ध चक्र महामंडल विधान में तीसरे दिन 9 दिसंबर को प्रातः 7 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा हुई तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु की पूजन संगीत के साथ हुई। प्रातः 9 बजे से ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनी योग सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूजन हुई। पूजन में सिद्धों के 32 मूल गुण के 32 अर्घ श्रृद्धि सिद्धी मंत्रों के साथ भक्ति भाव से चढ़ाए गए ।तत्पश्चात मुनि निर्मोह सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए। प्रातः 10:00 बजे से संगीतमय श्री भक्तामर महामंडल विधान बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के कुशल निर्देशन में हुआ। आपने दिनांक 10 दिसंबर के धार्मिक आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं नित्य नियम की पूजन होगी। तत्पश्चात मुनि संघ के सानिध्य में सिद्ध भगवान की 64 ऋद्धियों का वर्णन करते हुए 64 श्रृद्धि विधान के 64 अर्घ चढ़ाये जाएंगे। प्रातः 10:00 बजे से मुनिराज जी के मंगल प्रवचन होंगे। शाम 5:15 बजे मुनि संघ के पावन सानिध्य में आचार्य भक्ति होगी।

रात्रि 7:20 बजे से संगीतमय भक्तांबर दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक आरती होगी। रात्रि 8:00 बजे से बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन होंगे। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में भाग लेने गुना, रुठियाई, धरनावदा, आवन एनएफएल विजयपुर, साडा कॉलोनी, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर आदि के श्रद्धालु सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन राघौगढ़ आ रहे हैं और धर्म लाभ रहे हैं।

## एकल के पांच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का चाचौड़ा में किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

स्वावलंबी स्वाभिमानी भाव जगाना है चलो गांव की और हमें फिर देश बनाना है इस उद्देश को लेकर एकल अभियान मध्यभारत संभाग चंबल भाग अंचल गुना के अंतर्गत पांच दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग बाग बागेश्वर धाम चाचौड़ा( चंपावती) में आयोजित किया गया था जिसका मंगलवार को चाचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय के मुख्य आतिथ्य में समापन किया गया। इससे पूर्व चाचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय, एकल अभियान प्रभाग पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली, अंचल अध्यक्ष मनीष भार्गव सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी



एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ समापन सत्र का आरंभ कराया। एसडीएम श्री मालवीय ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए एकल अभियान की सराहना की और उन्होंने एसआईआर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकारें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजना के माध्यम से एकल आचार्य ग्रामीणों के जीवन स्तर सुधारने का काम करे ओर हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिले जिससे उनका जीवन सुलभ हो। मुख्य वक्ता P 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन ने आचार्य अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि जनजाति समाज के बच्चों को पंचमुखी शिक्षा से उन्हें शिक्षित करना ओर उनका सर्वांगीण विकास करना ही एकल का मुख्य उद्देश्य रहा हे। समाज के वंचित बच्चों को पंचमुखी शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर राष्ट्र उपयोगी बनाना हे। श्री जैन ने कहा कि पंचमुखी शिक्षा में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, जन जागरण, ग्राम विकास और संस्कार शिक्षा के पाँच आयाम के माध्यम से बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास हो सके और उन्हें जीवन मूल्य सिखाए जा सकें. इसी के साथ उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना, स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों का पालन कराने में एकल आचार्यों की महती भूमिका रहे। गुना अंचल अध्यक्ष श्री भार्गव ने वर्ग को संबोधित करते हुए एकल आचार्यों का मार्गदर्शन किया उन्होंने कहा कि आचार्यों का बौद्धिक विकास हो यही वर्ग लगाने का उद्देश्य हे। इस वर्ग के माध्यम से आपने 42 सत्रों में प्रशिक्षण लिया।

# जिला अस्पताल में तंबाकू सेवन पर सख्त कार्रवाई, महिलाओं पर भी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि का सेवन करने वालों पर लगातार जुर्माना कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 17 लोगों पर तंबाकू का सेवन करते पाए जाने पर राशि 1900 रूपये का जुर्माना लगाया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं तंबाकू मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे। जुर्माना लगाने के लिए गठित समिति द्वारा अस्पताल



के समस्त वार्डों में भ्रमण कर तंबाकू सेवन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। समिति द्वारा पुरुषों के साथ—साथ महिलाओं पर भी तंबाकू सेवन करते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाता है, जिससे तंबाकू निषेध नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित हो सके।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी श्रीमती विनीता सोनी स्वयं समिति सदस्यों के साथ शामिल होकर जुर्माना कार्यवाही में सहयोग करती हैं। समिति सदस्य नमिता खादेरकर, रेखा शर्मा, शैलेश सिंह, मुरारीलाल एवं आदिल खान,दीपक द्वारा प्रतिदिन वार्ड–वार निरीक्षण कर तंबाकू का सेवन करने वालों पर तत्काल जुर्माना लगाया जा रहा है।

सदस्य लगातार मरीजों एवं परिजनों को तंबाकू के गंभीर दुष्प्रभावों, कैंसर, फेफड़े व हृदय रोगों के बढ़ते जोखिम के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को समिति द्वारा NRT उपयोग, परामर्श और निरंतर सहायता प्रदान की जाती है। इन सतत प्रयासों से जिला अस्पताल परिसर तेजी से तंबाकू मुक्त वातावरण की ओर अग्रसर है।

## रेडक्रॉस पदाधिकारी व नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अशोकनगर प्रबंध कार्यकारिणी शपथ विधि कार्यक्रम सरस्वती विद्यालय पठार अशोकनगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निर्वाचित समिति पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ बेहतर कार्य करेगी यही अपेक्षा है।

स्वागत भाषण देते हुए डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा को मध्य मानकर रेडक्रॉस सोसाइटी कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी रामेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत में भी आज रेडक्रॉस सोसाइटी मानव सेवा की परमकारी कर रही है ऐसा ही हमारे अशोकनगर में भी रेडक्रॉस सोसाइटी की नवीन टीम को शुभकामना देता हूं और सेवा की कार्यों को आगे बढ़ाएंगे आपकी उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। नव नियुक्त चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल सिंह ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पूरी टीम एक मत से समाज सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी।

आगे बहुत अच्छा करने का हमारा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व चेयरमैन डॉक्टर दीपक मिश्रा द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। विभाग प्रचारक नितिन ने कहा की सेवा के कार्य समाज को आगे बढ़कर करना चाहिए। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। संचालन सचिव संजय रघुवंशी व आभार राजीव जैन जाट ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह, गुना विभाग सह करवा महेश सिंह रघुवंशी, विभाग प्रचारक नितिन, चेयरमैन डॉ. जयमंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराधा यादव आदि मौजूद थे।



### चंदेरी पुलिस ने 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को छत्तीसगढ़ राज्य के जंगली क्षेत्र नवाटोला से किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना चन्देरी द्वारा 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को महज 06 दिन मे छत्तीसगढ़ राज्य के जंगली क्षेत्र नवाटोला से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना चन्देरी अंतर्गत दिनांक 01.12.2025 को फरियादिया द्वारा अपनी 13 वर्षीय नावालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले लाने की रिपोर्ट पर से विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चन्देरी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी चन्देरी निरी. मनीष जादौन द्वारा टीम गठित की गई। टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये तकनीकी संसाधनों के आधार पर अपहर्ता को जंगलो के बीच वसे ग्राम नवाटोला बिहारपुर छत्तीसगढ से दस्तयाव कर आरोपी आशिक नाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## लीनेस क्लब अवार्ड सेरेमनी में अशोकनगर क्लब को कई सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट आरएम 1 स्वयं सिद्ध द्वारा अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम जयपुर में रखा गया था। क्लब द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों के लिए व खासकर बच्चों के उत्थान के लिए किए गए कार्य के लिए क्लब को आउटस्टैंडिंग अवार्ड फॉर चाइल्ड वेलफेयर से नवाजा गया। क्लब की डिस्ट्रिक्ट बाइस प्रिसीडेंट सीमा अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट 2026 के लिए मनोनीत हुई। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सोग्रही एमओएच 2025 व जिला सीईओ अंजना जैन व अंजना सिंघल द्वारा क्लब द्वारा सतत रूप से सभी क्षेत्र में सेवा कार्यों के लिए लीनेस सीमा अग्रवाल, डॉक्टर रजनी शुक्ला और लवली रघुवंशी को सम्मानित किया गया। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में बैनर प्रेजेंटेशन में लीनेस क्लब अशोकनगर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्लब के कोऑर्डिनेटर सुनीता अग्रवाल चेयरपर्सन सपना सेठ, गीता बंसल, रश्मि अग्रवाल जयपुरी सचिव प्रीति बंसल व कोषाध्यक्ष कुसुम गुप्ता को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने मगरदा निवासी छोटू कुशवाह के पास से 25 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ पुलिस ने ग्राम करोंदी निवासी रामकुमार यादव के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने मूडरा निवासी बाबूलाल लोधी के पास से 9 लीटर हाथभटटी की शराब बरामद की है।

**11 और 15 दिसम्बर को मण्डी व्यापारी नीलामी में शामिल नहीं होगें: अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर चल रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव को लेकर व्यापारियों ने उक्त आयोजन में 11 दिसम्बर और 15 दिसम्बर को विशेष धार्मिक विधान एवं अनुष्ठान होने के कारण नीलामी प्रक्रिया में शामिल न होने का निर्णय लिया है। इस हेतु उन्होंने सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि वह 11 और 15 दिसम्बर को अपने माल को मण्डी में नीलामी को लेकर न आएं। ग्रेन मर्चेन्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वह भी इस आयोजन में शामिल होकर धार्मिक लाभ अर्जित करें।

## कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में 280 आवेदकों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम के चलते मंगलवार को 280 आवेदक शहर से लेकर गांव तक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे, जिन्हें कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समक्ष में सुना गया और अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।



जनसुनवाई में ग्राम उमरी निवासी संजना जाटव द्वारा सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलाये जाने, वार्ड 05 मुंगावली निवासी रमको आदिवासी द्वारा आवासीय पट्टा दिलाये जाने,ग्राम वमनाई निवासी रामपाल सिंह द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम वमनाई निवासी चंदू आदिवासी द्वारा थूबोन जलाशय का खातेदारों का भुगतान कराये जाने,ग्राम मलउखेडी निवासी ब्रजमोहन गुर्जर द्वारा रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराये जाने, ग्राम बल्हेरू निवासी राधावाई अहिरवार द्वारा पट्टा कम्प्यूटर पर अमल कराये जाने,ग्राम अचलगढ निवासी शिवराज राजपूत द्वारा जमीन का सीमांकन होने के बाद कब्जा दिलाये जाने,ग्राम गर्रोली निवासी भरोसा द्वारा नामांतरण पर रोक लगाने जाने, ग्राम बंदी निवासी उदयभान सिंह यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाये जाने,ग्राम खैजराकला निवासी रामवती द्वारा लाड़ली बहना राशि दिलाये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। इसमें सीईओ राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरपालिका अशोकनगर की पीआईसी बैठक में विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर की पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संपन्न हुई, जिसमें नगर के विकास के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुहर लगा दी गई है। इन स्वीकृतियों से नगर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।



### प्रमुख स्वीकृत कार्य

वार्ड क्रमांक 16 (अम्बेडकर भवन) इस वार्ड में स्थित अम्बेडकर भवन में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें टीन शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल का कार्य, और पेंटिंग कार्य शामिल हैं। सी.सी.सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में सी.सी. (कंक्रीट) सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे जल निकासी और आवागमन की समस्या में सुधार होगा। चैंनल एवं चैम्बर कार्य विभिन्न वार्डों में चैंनल और चैम्बर लगवाए जाने के संबंध में भी स्वीकृति दी गई है, जो सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

### हाईमास्ट लाइट स्थापना

नगर में हाइमास्ट लाइट लगाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी और सुरक्षा बढ़ेगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में निर्णय लिए गए। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद आशुतोष देवलिया, पार्षद गीता आर्य, पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी, पार्षद आयुषी सतपाल लोधी उपस्थित रहीं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर पालिका सी.एम.ओ. विनोद उन्नीतान सहित न.पा. उपयंत्री भी बैठक में मौजूद रहे।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए किया प्रेरित

# समन्वय एवं सामंजस्य बनाकर हम बड़े से बड़ा काम बहुत ही सरलता से कर सकते हैं: डॉ उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय कन्या महाविद्यालय की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत महाविद्यालय की जानकारी देकर सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने कहा कि शासन की कॉलेज चलो अभियान योजना एक अच्छी पहल है। जिसके अंतर्गत हम विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश के लिए पूर्व तैयार कर देते हैं। नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, महाविद्यालय की विशिष्ट सुविधाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को महाविद्यालय विजिट के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि समन्वय एवं सामंजस्य बनाकर हम बड़े से बड़ा काम सरलता से कर सकते हैं और स्कूल चलो अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को सफल बना सकते हैं। इसी तारतम्य में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री सुनील मुडोतिया जी एवं स्टाफ के सहयोग से हमने विद्यार्थियों को जानकारी दी।

नवीन नामदेव ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया , वाणिज्य संकाय एवं खेल से संबंधित जानकारी देकर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। राजीव लोधी ने मध्य प्रदेश शासन की छात्रवृत्तियों की जानकारी, छात्रवृत्ति पात्रता एवं प्रक्रिया, कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के माध्यम से कैरियर निर्माण की जानकारी दी। नीता नामदेव ने महाविद्यालय की साहित्यिक सांस्कृतिक एवं युवा उत्सव संबंधित गतिविधियों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय की युवा उत्सव में राज्य स्तर तक विद्यार्थियों की सहभागिता की जानकारी देकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। आरती ठाकुर ने महाविद्यालय में यूनिफार्म,अनुशासन, सृजन पत्रिका प्रकाशन एवं परीक्षा के विषय में जानकारी दी। मनीता राजपूत ने विज्ञान संकाय एवं महाविद्यालय में विज्ञान से संबंधित विषयों की जानकारी दी।




## अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध ही सभ्य समाज की पहचान

बीना। गर्ल्स कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने की। मुख्य वक्ता इतिहास विभाग वरिष्ठ प्राध्यापक प्रकाश चंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा कि मानवाधिकार केवल किताबी शब्द नहीं हैं, बल्कि यह गरिमापूर्ण जीवन जीने का आधार हैं। एक छात्रा और भविष्य की जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आपको अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। जब एक महिला अपने अधिकारों को जानती है, तो वह न केवल अपना बल्कि पूरे परिवार और समाज का विकास करती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्राध्यापक प्रकाश चंद ने इतिहास के संदर्भ में मानवाधिकारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि 1948 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की थी। इतिहास गवाह है कि जब-जब मानवाधिकारों का हनन हुआ है, समाज का पतन हुआ है। समाजशास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर उमा लवानिया ने विषय को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य रूप से तीन बिंदु अधिकार, कर्तव्य और उनका सही प्रयोग पर प्रकाश डाला।



## न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर करैरा न्यायालय परिसर में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करैरा के समन्वय से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर 4 बजे तक आयोजित हुआ। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर रोहित भदकारिया के निर्देशन में चिकित्सक तथा सहायकगण के द्वारा न्यायाधीशगण न्यायालयीन कर्मचारी गण, सहित अभिभाषकगण एवं न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्षकारगण का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष त.वि.से.स. दिनेश कुमार खटीक के द्वारा तंदुरूस्ती पर बल देकर सबके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ आशीष अग्रवाल, डॉ अजय सिंह बैसला सी एच ओ, नृपाल सिंह चौहान, अहिल्या जोशी ए एन एम, कुलदीप लक्षकार फार्मासिस्ट द्वारा शिविर में ब्लड शुगर, रक्तचाप, आंखो, एच.आई.वी.परीक्षण, हीमोग्लोबिन परीक्षण के साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कुल 150 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर डा.अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के शिविर के माध्यम से लाभान्वित व्यक्तियों को निःशुल्क औषधि वितरित की गई है।

इस अवसर पर न्यायाधीशगण मोनिका आध्या, भूपेन्द्र यादव, भूपेन्द्र सिंह, काजल रेनीवाल, रज्नेश पाल सहित अभिभाषक रामशरण तिवारी, पीडी गुप्ता, भगतराम शर्मा, एसके चतुर्वेदी, राजीव भार्गव, बीके गुप्ता, धनीराम यादव, एचआर गुप्ता, रामनरेश तिवारी, नवाब सिंह वैषले, के.पी.सक्सेना आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### देवल पंचायत सरपंच पद उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**बीना।** देवल ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार तक कुल 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किए हैं। नामांकन पत्र खरीदने वालों में दिवंगत सरपंच लाखन सिंह की पत्नी वर्षा यादव, उनके भाई प्रमोद यादव, सैदपुर पंचायत सरपंच की बेटी पुष्पा यादव एवं लखनलाल तिवारी शामिल हैं। गौरतलब है कि पंचायत सरपंच लाखन सिंह की मृत्यु के बाद रिक्त हुए पद को भरने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार डॉ. अमर पंथी ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी, जबकि 18 दिसंबर तक उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। यदि आवश्यकता पड़ी तो 29 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और 5 जनवरी को निर्वाचन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 को

**अशोकनगर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत जिला अशोकनगर में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक जिले के कुल 11 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। जिसमें अशोकनगर ब्लॉक के 3 परीक्षा केन्द्र, मुंगावली ब्लॉक के 3 परीक्षा केन्द्र, चंदेरी ब्लॉक के 3 परीक्षा केन्द्र तथा ईसागढ़ ब्लॉक के 2 परीक्षा केन्द्र शामिल है। परीक्षा में जिले के कुल 3075 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। छात्र अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं परीक्षा में प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड को साथ लाना अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म भरे है वे परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें एवं अधिक जानकारी के लिए पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय अशोकनगर के परीक्षा प्रभारी रविकुमार एस. से सम्पर्क एवं नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### प्रभारी मंडी सचिव बने बीएलओ सुपरवाइजर

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा जबाहर सिंह सगर पशु चिकित्सा अधिकारी जिला अशोकनगर को विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के लिए बीएलओ सुपरवाईजर नियुक्त किया गया था,उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए प्रभारी मंडी सचिव अशोकनगर एवं चंदेरी भागीरथ अहिरवार को बीएलओ सुपर वाईजर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत नियुक्त बीएलओ सुपरवाईजर आवंटित 10 मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

## नगर पालिका ने हटाए कब्जे कई का सामान किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर के गांधी चौराहे पर बुधवार को नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका सीएमओ राहुल कौरव के नेतृत्व में यह अभियान दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलाया गया। जानकारी अनुसार बुधवार को टीम गांधी चौराहा, महावीर चौक, बड़ी बजरिया, झांसी गेट होते हुए सर्वोदय चौराहा से अंबेडकर चौराहे तक पहुंची। सड़क पर फल-सब्जी और अन्य सामान रखकर व्यापार करने वालों को चेतावनी दी गई। साथ ही जिन दुकानदारों ने स्थायी रूप से दुकानों के बाहर सामान रखे हुए पाए गए। उनका सामान मौके से जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध किया, जिस पर सीएमओ ने शासकीय कार्य में बाधा डालने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी। सीएमओ ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक मार्ग पर कोई निर्माण सामग्री नहीं रखी जाएगी।

# फतेहपुर में हुई लूट के साथ हत्या के अपराध में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट का माल किया बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा पुलिस द्वारा दिनांक 09.12.25 को फरियादी विष्णु पुरी पुत्र दयाल पुरी उम्र 60 साल निवासी ग्राम फतेहपुर ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 08-09/12/25 की दरम्यानी रात्री मेरी पत्नि गुड्डी अपने कमरे में सो रही थी तथा फरियादी बगल मे बने गौंडा मे सो रहा था । फरियादी ने सुबह जागकर घर मे देखा तो पत्नी गुड्डी बाई मृत अवस्था मे चार पाई पर पड़ी थी उसके सिर मे घाव होकर खून निकल रहा था गले का मंगलसूत्र, कान के टोक्स, चूड़ी व तोड़िया नहीं थी पास के कमरों के ताले टूटकर सामान विखरा पड़ा था अज्ञात बदमासों के द्वारा फरियादी की पत्नी के साथ लूट कर हत्या कर दी है उक्त रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपियों के बिरुद्ध थाना करैरा मे अपराध क्र. 822/25 धारा 311, 309 (6), 331(8) बीएनएस 11/13 एमपीडीव्हीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड जी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए स्वयं मोनिटिरिंग की गयी एवं घटना से जुड़े समस्त पहलुओं को बारीकी से जांचने कर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. डॉ आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी करैरा एवं उनकी टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना उपरांत मुखविरों को मामूर कर आरोपियों की तलाश की गई।

इस दौरान की गई तलाश की कार्रवाई में आरोपी 1. बल्लू उर्फ नंदराम पुत्र अतर सिंह रावत उम्र 40 साल निवासी फतेहपुर एवं 2.आरोपी जयदेव पूरी पुत्र सुल्तानपुरी उम्र 40 साल निवासी बनहेरी थाना भितरवार को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो आरोपियों के द्वारा अपने साथी रामू बघेल के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया उक्त दोनों गिरफ्तार आरोपियों से अपराध सदर में लूटा गया मसरूका को जप्त किया गया है, घटना का एक आरोपी रामू पुत्र रामहेत निवासी धमधोली अभी फरार चल रहा है जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है ।

### सौरभ भार्गव पत्रकार की दादी एवं करैरा की प्रथम महिला अध्यक्ष रही थीं राजकुमारी

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद लाल यादव ने राजकुमारी भार्गव को दी श्रद्धांजलि, करैरा पहुंचकर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

सर्व समाज जनसेवक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद लाल यादव रविवार को करैरा पहुंचे, जहां उन्होंने करैरा की प्रथम महिला नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय राजकुमारी भार्गव के निवास पर जाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकग्रस्त परिवार को ढांढस बंधाया। राजकुमारी भार्गव का हाल ही में 103 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया था, जो अपने आप में दीर्घायु और दिव्यता का प्रतीक माना गया। नंद लाल यादव ने कहा कि वर्तमान समय में 103 वर्ष का जीवन पाना किसी सौभाग्य और पूर्ण ईश्वर कृपा से कम नहीं है, क्योंकि ऐसा जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक बन जाता है। उन्होंने भार्गव परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्घांजलि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें रघुवीर सिंह, दिलीप यादव, मोहसीन खान, बालजीत पहलवान सहित लगभग एक सैंकड़ा लोग शामिल थे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय राजकुमारी भार्गव को भावपूर्ण नमन किया। परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने कहा कि राजकुमारी भार्गव ने अपने जीवनकाल में सामाजिक कार्यों और लोगों की मदद के लिए जो योगदान दिया वह हमेशा स्मरणीय रहेगा। शोक संवेदना व्यक्त करने आए लोगों ने उनके सादगीपूर्ण व्यवहार और समाज के प्रति निष्ठा को याद करते हुए कहा कि उनकी कमी को पूरा कर पाना मुश्किल है, क्योंकि वह करैरा की सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा थीं।



## बल्ला थाम कर दिया संदेश की खेल भी है एक मानव अधिकार: रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में उपजेल करैरा में मानव अधिकार दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रंजना चतुर्वेदी वरिष्ठ न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियो को संबोधित करते हुए मानव अधिकार के उद्गम एवं वर्तमान में मानव अधिकार के हनन एवं संरक्षण विषय पर संबोधित करते हुए समस्त अधिकारों में मानव अधिकार को श्रेष्ठ बताया।

मानव अधिकार आयोग के गठन एवं मानव अधिकार के अंतर्गत दिये जाने वाले अधिकार तथा आम नागरिक के कत्र्तव्यो के संबंध मे भी बंदियो को अवगत कराया। शिविर के पश्चात सहायक जेल अधीक्षक सुनील शर्मा द्वारा बंदियो के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया। इसमें न्यायाधीश/सचिव रंजना चतुर्वेदी ने भी बंदियो के साथ बल्ला थामा और बंदियो का उत्साह वर्द्धन करते हुए खेलो के माध्यम से जीवन का विकास संभव होने पर बल दिया। क्रिकेट मैच आयोजन का मुख्य उद्देश्य बंदियो के मनोरंजन, शारीरिक गतिविधियो के माध्यम से सकारात्मकता लाने के साथ-साथ मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान एवं पुर्नवास में उल्लेखनीय योगदान देता है। इसमें राजकुमार कुशवाह, लाखन सिंह सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा।



## जनपद पंचायत अशोकनगर में दिव्यांगों व वृद्धों के लिए परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में मंगलवार को जनपद पंचायत अशोकनगर प्रांगण में भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 840 पंजीयन किये गये, जिसमें अस्थि बाधित 397, दृष्टिवाधित 57, श्रवणवाधित 346 एवं मानसिक 28 पंजीयन हुये।शिविर में एलिम्को द्वारा 375 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, वाकिंग स्टिक, बैशाखी, नकली हाथ-पैर, सुगम्य केन, ट्रायसाईकिल, मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल, वॉकर, टीएलएम किट सेकेण्डरी एवं प्राईमरी एवं कान की मशीन हेतु चिन्हित किया गया है। दिव्यांग जनों, वृद्धजनों को मुख्य सड़क से शिविर तक एक्सपर्ट की टीम के माध्यम से लाने एवं ले जाने के लिए 25 व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। दिव्यांगों वृद्धजनों एवं एलमको टीम के लिए भोजन, चाय ,नाश्ता एवं कैंपर का पानी की व्यवस्था की गई। साथ ही दिव्यांगों को परेशान ना होना पड़े इसलिए कुर्सियों पर बैठकर लाइन लगाई गई। सम्पूर्ण व्यवस्थाओं से वृद्धजन, दिव्यांगजन संतुष्ट नजर आए एवं प्रशासन टीम को धन्यवाद दिया। शिविर मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र सिंह यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, सामाजिक न्याय अधिकारी राजेंद्र प्रजापति सीएमओ नगरपालिका अशोकनगर विनोद उन्नीतान, एलिम्को टीम, समस्त जनपद स्तरीय तथा नगरपालिका परिषद अशोकनगर का स्टॉफ एवं शिविर हेतु ड्यूटी में लगाये गये ग्राम पंचायतो के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक एवं समस्त जनपद पंचायत स्टाफ उपस्थित रहा।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का संकल्प हम साकार करें: न्यायाधीश मनीष अनुरागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

समुदायों को जोड़ने, जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक परिवर्तन को जन आंदोलन बनाने हम सब मिलकर 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प सरकार करें। यह बात न्यायाधीश मनीष अनुरागी ने मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग एवं जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा संस्कृति स्कूल में आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम में कही।

बाल विवाह मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष अनुरागी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशेष अतिथि बृज किशोर शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रसेना भिड़े जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, कार्यक्रम के संयोजक कुमारसंभव अध्यक्ष अक्षर पीठ एवं सदस्य विशेष किशोर पुलिस इकाई देवेंद्र संधू सिंह सिंह इंद्रपाल कौर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा पटेल वाइस प्रिंसिपल ने किया। कार्यक्रम में बृजकिशोर शर्मा ने बताया की यह अभियान देश भर में बाल विवाह उन्मूलन के लिए एक मजबूत जन आंदोलन खड़ा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में चंद्रसेना भिड़े ने कहा देशभर में बाल विवाह समाप्त करने के उद्देश्य से चल रहे आंदोलन को प्रधानमंत्री ने भारत सरकार द्वारा मिली असाधारण सराहना ने इस मिशन को नई ऊर्जा और राष्ट्रीय पहचान प्रदान की है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि पूरा राष्ट्र 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए एकजुट है। 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के ऐतिहासिक शुभारंभ के ठीक एक वर्ष बाद, आज पुनः इस अभियान संकल्प को और मजबूत किया।

